# अलुमनी समिति

अलुमनी समिति, महाविद्यालय से अध्ययन कर चुके ऐसे भूतपूर्व विद्यार्थियों की समिति है, जो अपने उत्कृष्ट कार्यों से नगर, समाज एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं। महाविद्यालय के अलुमनी, महाविद्यालय के अधोसंरचना निर्माण एवं अकादमिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहें हैं। दिनांक 03 दिसम्बर 2018 को अलुमनी समिति का पंजीयन रजिस्ट्रार, फर्म एवं सासायटी छ.ग. शासन से हुआ है, जिसका क्रमांक 12201840792 है। अलुमनी समिति का मोनो एवं लोगो – **''सुनहरी यादें, स्वर्णिम भविष्य''** है। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष आम सभा का आयोजन किया जाता है जिसमें महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं सत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अलुमनी का सम्मान, साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सत्र 2023–24 हेतु विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाने हेतु अलुमनी समिति, कैरियर, रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, एवं महिला शसक्तिकरण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में कौशल विकास के तहत् दिनांक 25 से 27 सितम्बर 2023 तक श्रीमति नीधि अग्रवाल अलुमनी द्वारा लिप्पन आर्ट का प्रशिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिया गया, जिससे विद्यार्थी लाभांवित हुए। महाविद्यालय के अलुमनी, विधायक, जनपद अध्यक्ष नगर पालिक अध्यक्ष, आयुक्त, प्राध्यापक, न्यायाधीश, सी.ए. आदि पदों पर सुशोभित हैं। हमें महाविद्यालय के अलुमनी पर गर्व है।

दिनांक 21.02.2024 को अलुमनी सदस्यों द्वारा नये पदाधिकारियों का मनोनयन (2024 से 2027) सर्वसम्मति से किया गया जिसमें अलुमनी समिति की संरक्षक प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल डी.लिट्. प्राचार्य, श्री अमृत चोपड़ा अध्यक्ष, श्री राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष, डॉ. दुर्गावती भारतीय सचिव, श्री मनीष शर्मा सह–सचिव, श्री अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष, मनोनीत हुए है। महाविद्यालय स्तर पर समिति के संचालन हेतु डॉ. रीता पांडेय संयोजक, डॉ. मालती तिवारी सह–संयोजक एवं श्रीमति करूणा दुबे, कु. प्रियंका सोनवानी, श्री मनोज शर्मा सदस्य है।



प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल, डी.लिट्.
प्राचार्य एवं संरक्षक



श्री अमृत चोपड़ा
अध्यक्ष



श्री राजकुमार राठौर
उपाध्यक्ष



डॉ. रीता पांडेय
संयोजक



डॉ. दुर्गावती भारतीय
सचिव



श्री मनीष शर्मा
सह–सचिव



श्री अजय कुमार राजा
कोषाध्यक्ष



डॉ. मालती तिवारी
सह–संयोजक